Hindustan Media
Ventures Limited

C-164, Sector-63, Noida
Dist. Gautam Budh Nagar UP - 201301
Ph. : 0120 - 4765650
E-mail : corporatedept@hindustantimes.com
CIN : L21090BR1918PLC000013

**Ref**: HMVL/CS/08/2020

10th February, 2021

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, C-1
Block G. Bandra Kurla Complex, Bandra East
**Mumbai- 400 051**

**Trading Symbol: HMVL**

**BSE Limited**
25th Floor, P J Towers
Dalal Street
**Mumbai – 400 001**

**Security Code: 533217**

Dear Sirs,

**Sub: Newspaper advertisement- Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Please find enclosed herewith copy of relevant page of "**Hindustan**" (Hindi - Patna, Delhi, Lucknow, Ranchi and Dehradun editions) and "**Mint**" (English – all editions) newspapers published today i.e. 10th February, 2021.

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **Hindustan Media Ventures Limited**

TRIDIB KUMAR BARAT

Digitally signed by TRIDIB KUMAR BARAT
Date: 2021.02.10 19:27:13 +05'30'

HINDUSTAN MEDIA VENTURES LTD.

**(Tridib Barat)**
**Company Secretary**

**Encl:** *As above*




# हिंदुस्तानी मुसलमान होने पर गर्व : गुलाम नबी आजाद को दल के साथ देश की भी चिंता : मोदी

**विदाई भाषण**

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता


प्रतिपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद को विदाई देते हुए न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक हुए बल्कि आजाद भी इस मौके पर भावुक हो गए। पांच मर्तबा राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने वाले आजाद ने इस मौके पर कहा, फक्र होता है कि वह एक हिंदुस्तानी मुसलमान हैं।

उच्च सदन में विदाई भाषण के दौरान पाक की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए आजाद ने कहा कि उन्हें फक्र होता है कि वह एक हिन्दुस्तानी हैं। मैं उन खुशकिस्मत लोगों में हूं जो कभी पाकिस्तान नहीं गया। पर जब मैं वहां के बारे में पढ़ता हू या सुनता हूं तो मुझे गौरव महसूस होता है कि हम हिंदुस्तानी मुसलमान हैं। विश्व में किसी मुसलमान को यदि गौरव होना चाहिए तो हिंदुस्तान के मुसलमान को गर्व होना चाहिए। आजाद ने उस घटना का भी विवरण दिया जिसकी चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री का गला रूंघ गया था। कहा, जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनने के कुछ ही दिनों में कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ और कुछ पर्यटक मारे गए थे। जब वह हवाईअड्डे पहुंचे तब पीड़ित परिवारों के बच्चे उन्हें पकड़कर रोने लगे। वह दृश्य देखकर उनके मुंह से चीख निकल गई, खुदा तूने ये क्या किया...

उन्होंने कहा, वह जब छात्र राजनीति में थे तब अधिक मत कश्मीरी पंडितों का ही मिलता था। उन्होंने प्रधानमंत्री और अमित शाह से कश्मीरी पंडितों को बसाने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह कर शेर सुनाया। 'गुजर गया वह जो छोटा सा एक फसाना था, फूल थे, चमन था, आशियाना था, न पूछ उजड़े नशेमन की दास्तां, न पूछ थे चार तिनके, मगर आशियाना था।'

### तीन अन्य सदस्यों को भी विदाई दी गई

राज्यसभा में गुलाम नबी आजाद सहित भाजपा के शमशेर सिंह मन्हास, पीडीपी के मीर मोहम्मद फैयाज व नजीर अहमद लवाय का कार्यकाल समाप्त हो रहा हे। आजाद व नजीर अहमद का कार्यकाल 15 फरवरी व मन्हास व मीर फयाज का कार्यकाल 10 फरवरी को पूरा हो रहा है। मोदी ने मीर मोहम्मद फयाज व नजीरअहमद लवाय का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें इन दोनों सदस्यों के साथ बातचती मे कश्मीर के अनेक पहलूओं के बारे में जानकारी मिलती थी।



राज्यसभा के बाहर मंगलवार को कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद। • एएनआई

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य गुलाम नबी आजाद की तारीफ करते हुए भावुक हो गए।

मोदी ने उन्हें एक बेहतरीन मित्र बताते हुए कहा, सदन के अगले नेता प्रतिपक्ष को आजाद द्वारा स्थापित मानकों को पूरा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आजाद ने अपने दल की चिंता जिस तरह की, उसी तरह उन्होंने सदन की और देश की भी चिंता की। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता के पद पर रहते हुए आजाद ने कभी दबदबा स्थापित करने का प्रयास नहीं किया। प्रधानमंत्री ने बताया जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब आजाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे। उन दिनों कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ और कुछ पर्यटक मारे गए थे। इनमें गुजरात के पर्यटक भी थे। मोदी ने कहा, तब सबसे पहले गुलाम नबी आजाद ने फोन कर उन्हें सूचना दी और उनके आंसू रुक नहीं रहे थे।

### अनुभव काम आता रहेगा

दोनों सदनों में आजाद के लंबे कार्यकाल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा उनकी सौम्यता, विनम्रता और देश के लिए कुछ कर गुजरने की कामना प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजाद की यह प्रतिबद्धता उन्हें आगे भी चैन से नहीं बैठने देगी और उनके अनुभवों से देश लाभान्वित होता रहेगा।

# राज्यसभा में वापसी के लिए करना होगा लंबा इंतजार

**विश्लेषण**

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

'दिल नाउम्मीद तो नहीं, नाकाम ही तो है। लंबी है गम की शाम, मगर शाम ही तो है।' राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद ने भावुक अंदाज में अपना विदाई भाषण देते हुए यह शेर पढ़ा। यह शेर उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बदले हुए हालात के बारे में पढ़ा था, पर यह उनके राजनीतिक सफर पर भी सटीक बैठता है। क्योंकि, राज्यसभा में वापसी के लिए उनकी शाम लंबी हो सकती है। पार्टी के पास उन्हें राज्यसभा भेजने के लिए कोई सीट नहीं है।

गुलाम नबी आजाद कांग्रेस के उन गिने चुने पार्टी नेताओं में है, जिन्हें गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ काम करने का अनुभव है। आजाद लगभग सभी प्रदेशों और केंद्र शासित राज्यों के प्रभारी रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के निधन के बाद कांग्रेस में वह इकलौते ऐसे नेता है, जिनके कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर राजनीतिक दल में उनके मित्र है। ऐसे में पार्टी उन्हें संगठन में जिम्मेदारी सौंपकर उनके अनुभवों का लाभ ले सकती है।

कांग्रेस के सामने मुश्किल यह है कि वह चाहकर भी गुलाम नबी आजाद को जल्द राज्यसभा नही भेज सकती। यूं तो गुजरात में एक मार्च को राज्यसभा की दो सीट के लिए चुनाव है, पर अलग-अलग चुनाव होने की वजह से दोनों सीट पर भाजपा की जीत तय है। केरल में अप्रैल में राज्यसभा के चुनाव हैं। पर केरल कांग्रेस किसी बाहरी व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाती है। इसके साथ विधानसभा के भी चुनाव होने है, ऐसे में उम्मीद कम है।

**तो नेता प्रतिपक्ष नहीं बन पाएंगे:** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब में राज्यसभा चुनाव 2022 में हैं। ऐसे में राज्यसभा में वापसी के लिए उन्हें इंतजार करना पड़ सकता है। अगर वह राज्यसभा में सदस्य के तौर पर लौटते हैं, तो भी वह नेता प्रतिपक्ष नहीं बन पाएंगे। क्योंकि, उनकी अनुपस्थिति में कांग्रेस पार्टी मल्लिकार्जुन खड़गे, पी.चिदंबरम या आनंद शर्मा में से किसी एक को यह जिम्मेदारी सौंप सकती है। एक वरिष्ठ नेता ने कहाकि इस बारे में फैसला मार्च में किया जाएगा।

### संगठन में नई जिम्मेदारी को लेकर कई सवाल

गुलाम नबी आजाद को संगठन में क्या जिम्मेदारी मिलेगी, इस बारे में भी कई सवाल हैं। क्योंकि, आजाद पार्टी के उन असंतुष्ट नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर संगठन में विभिन्न स्तर पर चुनावों की मांग की थी। इससे संगठन में उनकी पकड़ कमजोर हुई है। हालांकि, पार्टी अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी पत्र लिखने वाले नेताओ से चर्चा कर चुकी है, पर यह नेता अपनी मांगों पर कायम है। ऐसे में गुलाम नबी आजाद को पार्टी संगठन में वह रुतबा वापस पाने में वक्त लग सकता है।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बयान को गलत बताया

# रवींद्रनाथ टैगोर की कुर्सी पर कभी नहीं बैठा : अमित शाह



**बजट सत्र**

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता


भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में स्पष्ट किया कि वह पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कुर्सी पर नहीं बैठे थे। इस बारे में सोमवार को सदन में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा की गई टिप्पणी सत्य नहीं है, जिसे रिकॉर्ड से निकाल देना चाहिए।

शाह ने विश्वभारती के उप कुलपति के पत्र का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने भी स्पष्ट किया है कि अधीर रंजन का बयान असत्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू व कुछ अन्य नेता उस कुर्सी पर बैठे थे।

लोकसभा में मंगलवार को शाह ने कहा कि सोमवार को अधीर रंजन ने कहा था कि वे (शाह) पश्चिम बंगाल में गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की कुर्सी पर बैठ गए थे। शाह ने कहा कि उस समय वे टोकना नहीं चाहते थे, लेकिन जो सही नहीं है, वह सदन के रिकॉर्ड में नहीं जाना चाहिए। शाह ने कहा कि उनके पास विश्व भारती के उप कुलपति का पत्र है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसी घटना नहीं हुई। चौधरी के संसद में भाषण के बाद यह पत्र विश्वभारती के कुलपति ने चौधरी को लिखा है।

शाह ने कहा कि वहां एक खिड़की है, जहां पर सभी के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने वहां की कुछ तस्वीरों का भी सदन में उल्लेख किया और कहा कि उस स्थान पर भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल बैठी हैं। प्रणब मुखर्जी बैठ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी बैठे थे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भी वहां बैठी थीं। गृह मंत्री ने कहा कि कोई बात कहने से पहले तथ्यों को जांचना चाहिए।

**शाह ने फोटो सदन में रिकॉर्ड पर भी रखा :** शाह ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह इसमें इनका दोष नहीं देखते, उनकी पार्टी की जैसी पृष्ठभूमि है, उसके कारण इनसे गलती हो गई। शाह ने साफ किया कि वे उस कुर्सी पर नहीं बैठे थे, पर मेरे पास दो फोटो हैं, जिनमें से एक में जवाहर लाल नेहरू उस कुर्सी पर बैठे हैं, जहां टैगोर बैठा करते थे। दूसरा फोटो राजीव गांधी का है, जिसमें वह गुरुदेव टैगोर के सोफे पर बैठे थे और चाय पी थी। उन्होंने यह फोटो सदन में रिकॉर्ड पर भी रखे। शाह ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के संबंध में अधीर रंजन चौधरी की एक टिप्पणी का भी जिक्र किया और कहा कि जो सदन में नहीं है, उसका उल्लेख नहीं होना चाहिए।



लोकसभा में मंगलवार को संसद की कार्यवाही के दौरान अपनी बात रखते गृह मंत्री अमित शाह। • प्रेट्र

### क्या कहा था अधीर रंजन चौधरी ने

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा था कि भाजपा नेता अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नड्डा बंगाल जा रहे हैं, क्योंकि वहां चुनाव आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया था कि ये रवींद्र नाथ टैगोर जी के शांति निकेतन जा रहे हैं और कह रहे हैं कि उनका (टैगोर) जन्म यहां हुआ। अजीब बात है। पहले पढ़कर आइए कि उनका जन्म यहां नहीं हुआ और आप कह रहे हैं कि उनका जन्म यहां हुआ। चौधरी ने यह भी कहा था कि अमित शाह जी जाकर रवींद्र नाथ टैगोर जी की कुर्सी पर बैठ जाते हैं। इससे असम्मान होता है।

# सुरंग में फंसे लोगों को युद्धस्तर पर निकाल रहे

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन की घटना का विस्तृत ब्योरा दिया।

गृहमंत्री ने बताया आपदा में सुरंग में फंसे एनटीपीसी की निर्माणाधीन परियोजना के 25 से 35 कर्मियों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। एक अन्य सुरंग में फंसे 15 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। बाढ़ से निचले क्षेत्र में कोई खतरा नहीं उत्तराखंड सरकार ने बताया है कि बाढ़ से निचले क्षेत्र में कोई खतरा नहीं है। शाह ने कहा, केंद्र व राज्य की सभी संबंधित एजेंसियां स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। 7 फरवरी, 2021 के उपग्रह डेटा के अनुसार, ऋषिगंगा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में समुद्रतल से लगभग 5600 मीटर ऊपर स्थित ग्लेशियर के मुहाने पर हिमस्खलन हुआ, जो लगभग 14 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का था।

### आईटीबीपी के 450 जवान बचाव अभियान में लगे

गृहमंत्री ने कहा केंद्र सरकार द्वारा स्थिति की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। प्रधानमंत्री स्वयं स्थिति पर निगाह रखे हुए हैं। आईटीबीपी ने अपना कंट्रोल रूम स्थापित किया है। उनके 450 जवान सभी जरूरी साजो सामान के साथ घटनास्थल पर राहत और बचाव अभियान में लगे हुए हैं। एनडीआरएफ़ की पांच टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं। आर्मी की आठ टीमें मौके पर हैं।

# दिल्ली को बेहतरीन राजधानी बनाएंगे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को विश्वास जताया कि सेंट्रल विस्टा परियोजना पूरी हो जाने के बाद दिल्ली दुनिया की सबसे बेहतरीन राजधानियों में से एक होगी तथा अगले साल दिसंबर तक सांसद नए संसद भवन में बैठ पाएंगे।

पुरी ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक पर राज्यसभा में हुई चर्चा के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सेंट्रल विस्टा परियोजना में 20 हजार करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। **(एजेंसी)**

# ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर दिशानिर्देश जल्द

नई दिल्ली | एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म के नियमन के लिए जल्द ही दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे जिससे संवेदनशील सामग्री जैसे मुद्दों का समाधान होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान बताया कि ओटीटी (ओवर द टॉप) प्लेटफार्म पर दिखाई जाने वाली सामग्री को लेकर कई शिकायतें मिल रही हैं और इसके नियमन के बारे में सुझाव भी मिले हैं। इसे एक महत्वपूर्ण विषय बताते हुए जावड़ेकर ने कहा कि इसके संबंध में दिशानिर्देश तैयार किए जा चुके हैं और जल्द ही उन्हें लागू किया जाएगा।

इससे पहले भाजपा के महेश पोद्दार ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान इंटरनेट बेहद उपयोगी ऑनलाइन मंच के रूप में उभरा है और मनोरंजन के लिए ओटीटी प्लेटफार्म की लोगों तक पहुंच बढ़ी है। उन्होंने कहा, 'लेकिन इसमें दिखाई जाने वाली सामग्री और उसकी भाषा आपत्तिजनक होती है। इस मंच का नियमन किया जाना चाहिए।'

### कई राज्यों में घरेलू पर्यटन की स्थिति सुधर रही

केंद्र सरकार ने मंगलवार को सदन में कहा कि कोविड-19 से यात्रा उद्योग के काफी प्रभावित होने के बीच जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा तथा अंडमान एवं निकोबार आदि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में स्थिति बेहतर होने के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं।

# चीन में फंसे पोत को लाने के प्रयास

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को बताया कि चीन के एक बंदरगाह में जुलाई 2020 से फंसे भारतीय पोत एमपी अनास्तासिया तथा उस पर सवार 16 भारतीय नाविकों को स्वदेश वापस लाने के लिए वह चीनी सरकार के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय और जहाजरानी मंत्रालय भारतीय पोत एमपी अनास्तासिया तथा उस पर सवार 16 भारतीय नाविकों को स्वदेश वापस लाने के लिए चीन के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है। विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई कि भारतीय पोत एमपी अनास्तासिया पोत तथा उस पर सवार 16 भारतीय नाविक जल्द भारत लौट आएंगे। शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने सवाल किया था कि फंसे नाविक कब तक भारत लौटेंगे। **(एजेंसी)**

# 'टीका के बाद बीमा का प्रावधान नहीं'

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कोरोना रोधी टीका लगवाने वाले लोगों के लिए किसी तरह के बीमे का प्रावधान नहीं है।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने राज्यसभा में कहा लाभार्थियों के लिए टीकाकरण पूरी तरह से स्वैच्छिक है। टीका लगवाने के बाद किसी प्रकार के दुष्प्रभाव और अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं के उत्पन्न होने पर बीमा का लाभ नहीं मिलेगा। टीका लगने के बाद किसी तरह की एलर्जी या अन्य दुष्प्रभाव की स्थिति में तत्काल मदद या उपचार के लिए एनाफिलेक्सिस किट उपलब्ध कराने के साथ ही कई अन्य कदम भी उठाए गए हैं।

# अध्यादेश का रास्ता न अपनाएं : नायडू

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा है कि यदि केन्द्र एवं राज्य सरकारें दोनों कानून बनाने के लिए अध्यादेश का मार्ग नहीं अपनाने पर सहमत हो जाते हैं तो यह वाकई अच्छा होगा किंतु इसके लिए राजनीतिक आम सहमति की जरूरत है। नायडू ने ये टिप्पणी कुछ सांसदों द्वारा सरकार द्वारा बार-बार अध्यादेश लाए जाने पर सवाल उठाए जाने पर की।

नायडू ने कहा कि इससे कोई मदद नहीं मिलेगी कि यदि कोई राजनीतिक दल इस प्रकार का रुख रखता है कि अगर मैं सत्ता में हूं तो मैं अध्यादेश जारी करूंगा। जब आप सत्ता में होंगे तो अध्यादेश जारी नहीं करेंगे। सभापति ने कहा कि अध्यादेश के संदर्भ में लोकतंत्र की भावना को समझा जाना चाहिए और जहां तक संभव हो सरकार को कानून बनाने के लिए विधायी प्रक्रिया की ओर लौटना चाहिए।

भाकपा नेता विनय विश्वम ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की संसद की अनदेखी करने और कानून बनाने के लिए अध्यादेश का मार्ग चुनने की प्रवृत्ति है। उन्होंने उच्च सदन में राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र (विशेष प्रावधान) दूसरा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान यह बात कही।

**आम सहमति जरूरी :** विश्वम ने सभापति से सरकार को यह कड़ा निर्देश देने का अनुरोध किया कि अध्यादेश मार्ग अपनाने के विकल्प को परंपरा नहीं बनाया जाए। इस पर नायडू ने कहा, यदि केन्द्र एवं राज्य सरकार, सभी अध्यादेश जारी नहीं करने पर सहमत हो जाएं तो बहुत अच्छा होगा। यह राजनीतिक दलों के बीच आम-सहमति से होना चाहिए।

### सुझाव

- बार-बार अध्यादेश लाए जाने का सवाल उठाने पर की टिप्पणी
- कानून बनाने के लिए विधायी प्रक्रिया की ओर लौटना चाहिए

# पांच वर्ष में पौने सात लाख भारतीय विदेशी बने

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

पिछले पांच साल में पौने सात लाख लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी है। गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार को लोकसभा में यह जानकारी दी गई कि 2015 से 2019 के बीच 6,76,074 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी और अन्य देशों की नागरिकता ग्रहण कर ली।

लोकसभा में गृह मंत्रालय की ओर से दिए गए जवाब में 2015 से 2019 के बीच 6,76,074 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी तो 2005 से 2020 के बीच 37 लाख विदेशियों को ओसीआई (ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया) कार्ड दिया गया। विदेश में 1.25 करोड़ भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिसमें 37 लाख लोग ओसीआई कार्डधारक हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 2015 में 1,41,656 भारतीयों ने भारतीय नागरिकता छोड़कर अन्य देशों की नागरिकता ले ली। जबकि 2016 में कुल 1,44,942, 2017 में कुल 1,27,905, 2018 में कुल 1,25,130 और 2019 में कुल 1,36,441 लोगों ने भारतीय नागरिकता त्याग दी। इस तरह 2015 से 2019 के बीच 6,76,074 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी।

**37** लाख विदेशियों को ओसीआई कार्ड 15 साल में दिया गया

# राहुल ने केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह के बयान को लेकर सरकार को घेरा है।

उन्होंने वीके सिंह को फौरन मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा के एक मंत्री चीन को भारत के खिलाफ मामला बनाने में मदद क्यों कर रहे हैं। उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्हें बर्खास्त नहीं करना हर भारतीय जवान का अपमान करना होगा। अपने ट्वीट के साथ उन्होंने वीके सिंह के बयान और चीन की प्रतिक्रिया से जुड़ी एक खबर को साझा किया है। दरअसल, वीके सिंह के बयान के बाद चीन ने कहा कि भारत बार-बार एलएसी का उल्लंघन कर रहा है। इससे एलएसी पर टकराव की स्थिति पैदा हुई है। **(वि.सं)**

# क्यों न कुछ को चंदाजीवी कहें:अखिलेश

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष व विपक्ष के बीच शब्दबाण चल रहे हैं। सपा नेता अखिलेश यादव ने भाजपा पर चंदाजीवी होने का आरोप लगाया।

अखिलेश का यह तंज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आंदोलनजीवी होने के बयान के जवाब में रहा। उन्होंने किसान आंदोलन का मुद्दा भी उठाया और सरकार से पूछा कि देश में मंडिया क्यों नहीं बन रही हैं। यादव ने कहा कि भारत की पहचान इसकी गंगा जमुनी तहजीब है। इसके ताने बाने को तोड़ने का प्रयास ठीक नहीं है। लोकसभा में चर्चा में हिस्सा लेते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि अगर आंदोलन करने वालों को आंदोलनजीवी कहा जा सकता है, तब एक पार्टी के चंदा मांगने वाले लोगों को क्या चंदाजीवी नहीं कहा जाए।

यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान आंदोलन पर परोक्ष रूप से किए गए आंदोलनजीवी के बयान पर कहा कि आंदोलन को लेकर क्या-क्या नहीं कहा जा रहा है। जो घर-घर जाकर चंदा ले रहे हैं, क्या वे चंदाजीवी संगठन के सदस्य नहीं हैं? आंदोलन को लेकर सत्तापक्ष के नजरिए पर सवाल खड़े करते हुए यादव ने कहा कि आंदोलन के जरिए ही देश ने आजादी हासिल की थी।

### भगवान, अल्लाह में फर्क करने से देश टूटेगा:फारूख

नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों व पहले के दिग्गज नेताओं पर उंगली उठाना देश के लोकतंत्र के लिए ठीक परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान अल्लाह एक हैं। अगर फर्क करोगे तो देश को तोड़ देंगे। अगर आपने कोई गलती की तो हम आपको सही करेंगे। हम गलती करेंगे तो आप सही करोगे। इसी तरह देश चलता है। किसान आंदोलन पर अब्दुल्ला ने कहा कि किसानों की बात सुननी चाहिए।

www.livehindustan.com
ताजा खबरों के लिए देखें :

**स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय, दिल्ली सरकार**
**कार्यालय दिल्ली आरोग्य कोष**
**तीसरी मंजिल, डी.जी.डी. बिल्डिंग, एस-1, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली-110092**

**लेखा अधिकारी की नियुक्ति**

दिल्ली आरोग्य कोष द्वारा एक साल की अवधि के लिए अनुबंध पर लेखा अधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इस नियुक्ति को कार्य एवं व्यवहार कुशलता के आधार पर और दो साल के लिए विस्तृत किया जा सकता है। आवेदन फॉर्म www.health.delhigovt.nic.in पर उपलब्ध हैं।

| आवश्यक योग्यता तथा अनुभव | उम्र सीमा | पारिश्रमिक |
|---|---|---|
| दिल्ली सरकार/केंद्र सरकार में लेखा अधिकारी/सहायक लेखा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त होना अनिवार्य है। | 65 वर्ष तक | सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्ति के लिए मौजूदा सरकारी नियमानुसार |

इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र को अपने बायोडाटा और आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्पीड पोस्ट/स्वयं द्वारा निम्नलिखित पते पर दिनांक 24.02.2021 के शाम 6 बजे तक भेज सकते हैं।

**कार्यालय दिल्ली आरोग्य कोष**
कमरा नं. 304, तीसरी मंजिल, डी.जी.डी. बिल्डिंग
एस-1, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली-110092

DIP/Shabdarth/0612/20-21 ह0/- स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, दिल्ली सरकार

**लापाता (MISSING)**
दिनांक 3 फरवरी 2021 से लापाता हैं जो कुर्त्ता पयजामा पहने हुये हैं जिनकी लम्बाई 5 फीट 11 इंच एवं रंग सांवला है।



**नाम–पीयूष कांत सिंह**
सही जानकारी देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा। कृपया जानकारी नीचे दिये गये मोबाईल नं. पर दें।
8340161498, 9835167326
9335220853, 9431133456
9606552619, 9431362000

**हिन्दुस्तान**
**हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**
**CIN:** L21090BR1918PLC000013
**पंजीकृत कार्यालय:** बुद्ध मार्ग, पटना-800 001
**फोन:** +91 612 222 3434, **फैक्स:** +91 612 222 1545
**कॉरपोरेट कार्यालय:** हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस (द्वितीय तल), 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110001
**फोन:** +91 11 6656 1608, **फैक्स:** +91 11 6656 1445
**वेबसाइट:** www.hmvl.in, **ई-मेल:** hmvlinvestor@livehindustan.com

**डाक मतपत्र/ई-वोटिंग हेतु सूचना**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धाराएं 108 व 110 और उसके तहत प्रस्तुत किए गए नियमों साथ में पठित कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी लागू दिशा-निर्देशों/परिपत्रों (''एमसीए परिपत्रों'') और सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमों, 2015 के अनुसरण में, इस संबंध में, सदस्य कृपया ध्यान दें कि **हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड** (''कम्पनी'') डाक मतपत्र सूचना (''सूचना'') जो नियत समय पर सदस्यों को भेजी जाएगी, में निर्धारित कारोबार(रों) को सम्पादित करने हेतु, डाक मतपत्र के रूप में/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (''डाक मतपत्र'') प्रक्रिया द्वारा वोटिंग के जरिए सदस्यों की सहमति प्राप्त करने का प्रस्ताव रख रहा है।

एमसीए परिपत्रों के अनुसार, ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और निर्देशों के साथ इलेक्ट्रॉनिक प्रति/सूचना का मूलपाठ, केवल उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) में पंजीकृत हैं।

जिन सदस्यों के अब तक अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से रखे गए शेयरों के संबंध में, अपने डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत करवाएं और भौतिक रूप से रखे गए शेयरों के संबंध में पंजीकरण हेतु **https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx** पर क्लिक करें या केफिन टेक्नोलॉज़ीज़ प्राइवेट लिमिटेड, यूनिट-हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड, सेलेनियम टावर-बी, प्लॉट नं. 31-32, फाइनेंशियन डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, हैदराबाद-500032 में फोलियो नम्बर के विवरण तथा पैन कार्ड की स्व-साक्ष्यांकित प्रति के साथ केफिन को लिखें अथवा **einward.ris@kfintech.com** को ई-मेल करें।

सदस्य लिंक **https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx** में पहुंच कर, अपने ई-मेल आईडी को स्वीकृत करके, ई-मेल के जरिए सूचना प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, सूचना को लिंक **https://evoting.kfintech.com/public/Downloads.aspx** से डाउनलोड भी कर सकते हैं।

कम्पनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा वोट देने के उनके अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करेगी और ई-वोटिंग प्रक्रिया से संबंधित तरीका, निर्देश और अन्य जानकारी (जिसमें वह तरीका शामिल है जिसमें सदस्यों के पास भौतिक रूप से शेयर हैं अथवा जिन्होंने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, किन्तु ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दे सकते हैं) इस सूचना का भाग होगा।

यह सूचना नियत अवधि में कम्पनी की वेबसाइट **www.hmvl.in,** केफिन टेक्नोलॉज़ीज़ प्राइवेट लिमिटेड, रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट की वेबसाइट **https://evoting.kfintech.com** में तथा स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई और एनएसई की वेबसाइट **www.bseindia.com** और **www. nseindia.com** में भी उपलब्ध होगी।

कृते **हिन्दुतान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**
**(त्रिदिब बराट)**
**कम्पनी सचिव**
**दिनांक:** 09.02.2021

# SII may alter covid shot to tackle mutant strain

## WHO expressed concerns over jab's effectiveness against S. African strain

Neetu Chandra Sharma
neetu.s@livemint.com
NEW DELHI



South Africa stopped the roll out of the Oxford-AstraZeneca vaccine after preliminary trials indicated that it offered minimal protection against B.1.351 variant of the virus. AFP

The composition of the vaccine developed by the University of Oxford and British pharma major AstraZeneca may have to be adjusted by vaccine manufacturer Serum Institute of India, after the World Health Organization's (WHO) Strategic Advisory Group of Experts on Immunization (SAGE) expressed concerns over the effectiveness of the vaccine against the South African mutant coronavirus strain.

On Monday and Tuesday, SAGE reviewed the evidence on the vaccine's effectiveness on new SARS CoV-2 variants, before making significant recommendations. Earlier, South Africa decided to stop the roll out of the Oxford-AstraZeneca vaccine after preliminary clinical trial findings published by the Wits Vaccines and Infectious Diseases Analytics Research Unit indicated that it offered minimal protection against the mild-moderate covid-19 infection from the B.1.351 variant of the coronavirus first identified in the country in November. The study involved around 2,000 volunteers.

COVAX, a global joint initiative of Gavi, the Vaccine Alliance, the Coalition for Epidemic Preparedness Innovations (CEPI), and WHO, aimed at providing equal access to covid-19 vaccines in more than 92 low- and middle-income countries, said it is vitally important to determine the vaccine's effectiveness when it comes to preventing more severe illnesses caused by the B.1.351 variant.

The development assumes significance for the Adar Poonawalla-led Serum Institute of India (SII), as COVAX has signed advance purchase agreements with AstraZeneca and SII, and has announced plans to distribute nearly 350 million doses in the first half of the year.

Though the Oxford-AstraZeneca vaccine, branded as Covishield in India, was rolled out in the country, it is yet to receive a green signal for global use by COVAX. "We expect a decision this month from WHO on whether the vaccines will be granted emergency use listing as well as SAGE recommendation on its optimal use," COVAX said.

The new playbook from Poonawalla's firm may now involve booster shots and adapted vaccines.

With the virus changing, COVAX has further warned that "manufacturers must be prepared to adjust to the SARS-CoV-2 viral evolution, including potentially providing future booster shots and adapted vaccines, if found to be scientifically necessary. Trials must be designed and maintained to allow any changes in efficacy to be assessed, and to be of sufficient scale and diversity to enable clear interpretation of results," the WHO said.

*Mint* reached out to Poonawalla, but he did not comment.

India has only one mutant strain of coronavirus, the UK variant, circulating. The government has cited studies to say that Bharat Biotech's Covaxin works against the mutant strain. It has, however, said that the surveillance for mutations in the virus will be increased after the vaccine efficacy issue was brought to its notice by South Africa.

### VACCINE JITTERS

**ON** Mon and Tues, SAGE reviewed the evidence on jab's effectiveness on new SARS CoV-2 variants

**THE** development assumes significance for the SII, as COVAX has signed advance purchase pacts with it

**INDIA** has only one mutant strain of coronavirus, the UK variant, circulating for the time being

# Tesla investment fuels bitcoin rally even as experts see profit booking

Abhinav Kaul
abhinav.kaul@livemint.com
NEW DELHI

**Prachanda seeks India, China's support against Oli's move to dissolve Parliament**
bit.ly/3aKXPuM

Bitcoin prices on Tuesday surged past $48,000—marking a first—after American electric-car maker Tesla Inc said it has invested $1.5 billion in the digital asset. It is by far the biggest company yet to back the cryptocurrency platform.


Tesla revealed the position after its chief executive officer Elon Musk came out in support of bitcoin and a lesser-known cryptocurrency, dogecoin.

The rally in bitcoin prices following the announcement helped the cryptocurrency surpass Tesla's market capitalization of around $869 billion to touch $888 billion.

The world's oldest cryptocurrency has moved within a wide range of $42,568.18-48,226.25 over the past 24 hours, and was trading at $46,166, up 7% around 7.30pm IST, according to data available with crypto-exchange WazirX.

### Musk push

The world's oldest cryptocurrency has moved within a wide range of $42,568.18-48,226.25 over the past 24 hours.




Source: Bloomberg

PARAS JAIN/MINT

"Investments from international hedge funds have continued to rise and Indian exchanges' daily volumes have also gone up by at least 20%. This got hotter when Tesla announced that it bought bitcoin and will start accepting it for payments. This pushed up prices by 15% in less than a few hours," said Sathvik Vishwanath, co-founder and chief executive officer, Unocoin.

Other major cryptocurrencies, such as ethereum, tether and ripple, were also trading up to 3% in the green. However, experts said the market might see some profit-taking.

"The inflow of money has significantly increased, and this has given the stability to prices, which were getting overpriced. Given that we are approaching the financial year-end next month, we can expect some consolidation and profit booking over the next few weeks the way we saw in November and December in developed counties for whom December is the financial year-end," Vishwanath added.

Meanwhile, minister of state for finance Anurag Thakur on Tuesday told the Rajya Sabha that the bill on private cryptocurrencies is being firmed up and will be sent to the Cabinet soon for approval.

On 29 January, the government listed a bill in Lok Sabha to ban all private cryptocurrencies in India.

# Chai Point raises ₹60 cr from four investors

Joseph Rai
feedback@livemint.com

Bengaluru-based Mountain Trail Foods Pvt. Ltd, which operates the Chai Point chain of tea cafes, has secured ₹60 crore from four existing investors as part of its Series C funding round, according to regulatory filings.

Venture capital firm Eight Roads Ventures led the round with an investment of ₹22.3 crore, followed by private equity major Paragon Partners with ₹17.2 crore and Saama Capital, the first venture firm to back Chai Point, with ₹16 crore. Consumer-focused venture capital firm DSG Consumer Partners invested the remaining ₹4.4 crore. After the latest fundraise, the collective diluted shareholding of the investors was up from 34.80% to 43.60%.

VCCiRCLE

The investors had invested a similar amount as part of the extended Series C round in mid-2019. While Eight Roads had led the Series B funding round in September 2015, Paragon Partners led the Series C round in April 2018.

Emails to Chai Point, Eight Roads, Paragon, Saama and DSG did not elicit any response till press time. The company will use the fresh capital to expand its business and working capital requirements, it told exchanges.

Mountain Trail Foods had raised venture debt in April 2020, mobilizing ₹20 crore from Trifecta Capital. In 2015, it had secured funding from InnoVen Capital .

Founded by Harvard graduates Amuleek Singh Bijral and Tarun Khanna in 2010, Chai Point offers tea in traditional flavours, besides serving popular snacks. It competes with Chaayos among others.

In February last year, Chaayos raised $21.5 million in a mix of equity and debt funding. The $18.5 million equity portion was led by Think Investments, a San Francisco-based firm.

**The Durgapur Projects Limited**
(A Government of West Bengal Enterprise)

**Employment Notification No.: DPL / Recruitment / 2021 / 01**

**The Durgapur Projects Limited**, (A Government of West Bengal Enterprise), engaged in the business of generation of electricity in the state of West Bengal, invites applications from experienced professionals with impeccable performance record, outstanding professional competency and demonstrable leadership for the position of

**Director (Finance)**

Detailed specifications regarding age, qualification, eligibility criteria, remuneration, etc. is available in the following websites: **(1) www.wbpdcl.co.in. (2) www.dpl.net.in (3) www.wbpower.gov.in**

**Administrative Building, Dr. B. C. Roy Avenue**
**Durgapur - 713201, Dist. - Paschim Bardhaman**
ICA-316(2)/2021

**IEX** INDIAN ENERGY EXCHANGE
Power on Demand
Most Competitive Prices
Flexible Power Procurement

**Electricity Market: Price & Volume - January, 2021**

**DAY-AHEAD MARKET**

| Total Volume (MU) | 5,584 | Average Daily Volume (MU) | 180 |
|---|---|---|---|

Area Prices (Rs./kWh)

| Area | Avg. | Min. | Max. |
|---|---|---|---|
| All India | 3.18 | 1.55 | 8.00 |

**TERM-AHEAD MARKET**

| Contracts | Weekly | Intraday | Day-ahead Contingency | Daily |
|---|---|---|---|---|
| Volume (MU) | - | 1.76 | 48.30 | 474 |
| Max price (Rs./kWh) | - | 6.49 | 6.79 | 3.30 |
| Min price (Rs./kWh) | - | 2.46 | 1.61 | 2.54 |
| Total Volume (MU) | 524 | | | |

**REAL-TIME MARKET**

| Total Volume (MU) | 1,233 | Average Daily Volume (MU) | 40 |
|---|---|---|---|
| | Area Prices (Rs./kWh) | | |
| Area | Average | Min. | Max. |
| All India | 3.02 | 0.40 | 9.00 |

**GREEN TERM-AHEAD MARKET**

| | Intra-day (Solar) | Intra-day (Non-Solar) | Day-ahead Contingency (Solar) | Day-ahead Contingency (Non-Solar) | Weekly (Solar) | Weekly (Non-Solar) | Daily (Solar) | Daily (Non-Solar) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Volume (MU) | | 0.37 | 22.23 | 50.69 | | 16.80 | 1.80 | 0.50 |
| Price (Rs./kWh) | | 4.35 | 4.16 | 4.20 | | 4.30 | 4.50 | 4.01 |
| Total Volume | 92.40 | | | | | | | |

**Renewable Energy Certificate Market**

The REC trading session, which was scheduled on January 27, 2021, could not take place because of the stay order from honourable APTEL in response to the petitions filed by a few Renewable Energy Associations.

*1 MU = 1 Million kWh*

**For any further information, please contact:**
**Indian Energy Exchange Limited** (CIN: L74999DL2007PLC277039)
Tel.: +91-11-4300 4022/33 | Email: contact@iexindia.com | www.iexindia.com



**Growth is**
not just adopting new technologies. It's also adapting to new realities.

**Growth is...On.**

mint Think *Ahead.* Think *Growth.*

Follow us:
mint.live livemint live_mint
livemint www.livemint.com

**WEST BENGAL STATE ELECTRICITY DISTRIBUTION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Regd. Office : Vidyut Bhavan, Block-DJ, Sector-II, Bidhannagar, Kolkata-700 091
CIN : U40109WB2007SGC113473, cecorpmont@gmail.com, www.wbsedcl.in
WBSEDCL

The **Regional Manager, Bidhannagar Regional Office, WBSEDCL**, New Town, Finance Center, 2nd Floor, Plot No.: I, CBD, AA-II, Kolkata-700161 invites e-Tenders for – **Sl. No. 1.: NIT No.** - BNRO/E-Tender/2020-21/03/01, **Date:** 02.02.2021; **Tender ID**: 2021_WBSED_322021_1; **Name of Work**: Drawal of one no. 33 kV UG Cable Circuit (RL of 4.5 km) by laying of 33 kV 1 core 1000 sq. mm. XLPE cable from New Town AA-IIC 220/132/33 kV GSS to New Town AA-IIE 33/11 kV sub-station at Bidhannagar-II Division under Bidhannagar Region; **Estimated Amount**: Rs. 2,19,45,502/-. **Sl. No. 2.: NIT No.** - BNRO/E-Tender/2020-21/03/02, **Date**: 02.02.2021; **Tender ID**: 2021_WBSED_322043_1; **Name of Work**: Drawal of one no. 33 kV UG Cable Circuit (RL of 8 km) by laying of 33 kV 3 core 400 sq. mm. XLPE cable from New Town AA IIC 220/132/33 kV GSS to Baguiati 33/11 kV sub-station at Bidhannagar-II Division under Bidhannagar Region; **Estimated Amount**: Rs. 1,66,79,027/-. **Sl. No. 3.: NIT No.** - BNRO/E-Tender/2020-21/03/03, **Date**: 02.02.2021; **Tender ID:** 2021_WBSED_322071_1; **Name of Work**: Drawal of one no. 33 kV UG Cable Circuit (RL of 4 km) by laying of 33 kV 1 core 1000 sq. mm. XLPE cable from New Town AA IIC 220/132/33 kV GSS to Narayanpur 33/11 kV sub-station at Bidhannagar-II Division under Bidhannagar Region; **Estimated Amount**: Rs. 2,10,04,286/-. **Sl. No. 4.: NIT No.** - BNRO/E-Tender/2020-21/03/04, **Date**: 02.02.2021; **Tender ID**: 2021_WBSED_322089_1; **Name of Work**: Drawal of one no. 33 kV UG Cable Circuit (RL of 4.75 km) by laying of 33 kV Grade: 3Cx400 sq. mm. XLPE Al cable from New Town AA IIC 220/132/33 kV GSS to Siddha Pyne 33/11 kV sub-station at Bidhannagar-II Division under Bidhannagar Region; **Estimated Amount**: Rs. 92,67,190/-. **Last date of Sale of Bid Documents**: 12.03.2021 (up to 17:00 hrs.); **Due date of Bid/EOI submission**: 12.03.2021 (up to 17:00 hrs.); **Due date of Bid/EOI opening**: 19.03.2021 at 14:00 hrs. for Sl. No. 1 to 4. For details and key dates, visit **www.wbsedcl.in** and **www.wbtenders.gov.in**. ICA-T3301(3)/2021

MAX | FINANCIAL SERVICES

**Max Financial Services Limited**
**CIN: L24223PB1988PLC008031**
**Registered Office: Bhai Mohan Singh Nagar, Railmajra, Tehsil Balachaur, District Nawanshahr, Punjab - 144533**
**Website: www.maxfinancialservices.com**

**STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2020**
(Rs. in Crores)

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 months ended 31.12.2020 (Unaudited) | 3 months ended 31.12.2019 (Unaudited) | Year ended 31.03.2020 (Audited) | 3 months ended 31.12.2020 (Unaudited) | 3 months ended 31.12.2019 (Unaudited) | Year ended 31.03.2020 (Audited) |
| 1. Total income from operations (net) | 19.72 | 80.19 | 495.02 | 8,990.28 | 5,365.74 | 18,241.76 |
| 2. Net Profit/(loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.64 | 61.60 | 396.32 | 279.54 | 177.25 | 442.48 |
| 3. Net Profit/(loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.64 | 61.60 | 396.32 | 279.54 | 177.25 | 442.48 |
| 4. Net Profit/(loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7.64 | 61.60 | 272.54 | 227.13 | 147.58 | 272.85 |
| 5. Total comprehensive income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 7.66 | 61.55 | 272.42 | 231.60 | 149.97 | 285.84 |
| 6. Paid-up equity share capital (Face Value Rs. 2 Per Share) | 69.01 | 53.90 | 53.90 | 69.01 | 53.90 | 53.90 |
| 7. Reserves excluding revaluation reserve as per balance sheet of previous accounting year | - | - | 2,226.42 | - | - | 2,092.62 |
| 8. Earnings per share (of Rs. 2 each) (not annualised) | | | | | | |
| a) Basic (Rs.) | 0.27 | 2.29 | 10.12 | 6.20 | 3.91 | 5.38 |
| b) Diluted (Rs.) | 0.27 | 2.28 | 10.11 | 6.20 | 3.90 | 5.38 |

**Note:**
The above is an extract of the detailed format of unaudited financial results for the quarter and nine months ended December 31, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015. The full format of the quarter and nine months ended Unaudited Financial Results are available on the Stock Exchange website,www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.maxfinancialservices.com.

Date: February 9, 2021
Place: Noida

MAX LIFE INSURANCE

By Order of the Board
**Mohit Talwar**
Managing Director
DIN : 02394694

हिन्दुस्तान

**Hindustan Media Ventures Limited**
**CIN:** L21090BR1918PLC000013
**Registered Office:** Budh Marg, Patna - 800 001
**Tel:** +91 612 222 3434 **Fax:** +91 612 222 1545
**Corporate Office:** Hindustan Times House (2nd Floor)
18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001
**Tel:** +91 11 6656 1608 **Fax:** +91 11 6656 1445
**Website:** www.hmvl.in **E-mail:** hmvlinvestor@livehindustan.com

**INFORMATION REGARDING POSTAL BALLOT/E-VOTING**

Pursuant to Sections 108 and 110 of the Companies Act, 2013 and rules made thereunder, read with applicable guidelines/circulars issued by Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, members may kindly note that **Hindustan Media Ventures Limited** (the "Company") is proposing to seek consent of the members by way of Postal Ballot/ Voting by electronic means ("Postal Ballot") process, to transact the business(es) set out in the Postal Ballot Notice ("Notice"), which will be sent to the members in due course.

In accordance with the MCA Circulars, electronic copy/version of the Notice along with procedure & instructions for e-voting will be sent to only those members whose email ID is registered with the Company/ Depository Participants (DP).

Members who have not yet registered their e-mail address, are requested to register the same - in respect of shares held in electronic form, with their Depository Participant(s); and - in respect of shares held in physical form by clicking on **https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx** or by writing to the company's Registrar and Share Transfer Agent (KFin) at KFin Technologies Private Limited, Unit: Hindustan Media Ventures Limited, Selenium Tower B, Plot No. 31 - 32, Financial District, Nanakramguda Serilingampally Mandal, Hyderabad – 500032, or by sending email to **einward.ris@kfintech.com**, with details of folio number and self-attested copy of PAN card.

Members may obtain the Notice via email, by updating their email ID by accessing the link **https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx**. Alternatively, Notice can be downloaded from the link **https://evoting.kfintech.com/public/Downloads.aspx**.

The Company will provide facility to its Members to exercise their right to vote by electronic means and the manner, instructions & other information relating to e-voting process (including the manner in which Members holding shares in physical form or who have not registered their e-mail address can cast their vote through e-voting), will form part of the Notice.

The Notice will also be available on the website of the Company at **www.hmvl.in**, KFin at **https://evoting.kfintech.com** and the stock exchanges viz. BSE and NSE at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com,** respectively in due course.

**Date:** February 9, 2021

For **Hindustan Media Ventures Limited**
**(Tridib Barat)**
**Company Secretary**

HT

**HT Media Limited**
***CIN:*** *L22121DL2002PLC117874*
***Registered Office:*** *Hindustan Times House, 18-20, Kasturba Gandhi Marg*
*New Delhi - 110 001*
***Tel:*** *+91-11-66561608* ***Fax:*** *+91-11-66561445*
***Website:*** *www.htmedia.in* ***E-mail:*** *investor@hindustantimes.com*

**INFORMATION REGARDING POSTAL BALLOT/E-VOTING**

Pursuant to Sections 108 and 110 of the Companies Act, 2013 and rules made thereunder read with applicable guidelines/circulars issued by Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, in this regards, members may kindly note that **HT Media Limited** (the "Company") is proposing to seek consent of the members by way of Postal Ballot/Voting by Electronics means ("Postal Ballot") process, to transact the business(es) set out in the Postal Ballot Notice ("Notice"), which will be sent to the members in due course.

In accordance with the MCA Circulars, electronic copy/version of the Notice along with procedure & instructions for e-voting will be sent to only those members whose email IDs are registered with the Company/Depository Participants (DP).

Members who have not yet registered their e-mail address, are requested to register the same - in respect of shares held in electronic form, with their Depository Participant(s); and - in respect of shares held in physical form by clicking on **https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx** or by writing to the KFin at KFin Technologies Private Limited, Unit: HT Media Limited, Selenium Tower B, Plot No. 31 - 32, Financial District, Nanakramguda Serilingampally Mandal, Hyderabad – 500032, or by sending email to **einward.ris@kfintech.com**, with details of folio number and self-attested copy of PAN card.

Members may obtain the Notice via email, by updating their email ID by accessing the link **https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx**. Alternatively, Notice can be downloaded from the link **https://evoting.kfintech.com/public/Downloads.aspx**.

The Company will provide facility to its Members to exercise their right to vote by electronic means and the manner, instructions & other information relating to e-voting process (including the manner in which Members holding shares in physical form or who have not registered their e-mail address can cast their vote through e-voting), will form part of the Notice.

The Notice will also be available on the website of the Company at **www.htmedia.in**, KFin Technologies Private Limited, Registrar and Share Transfer Agent, at **https://evoting.kfintech.com** and the stock exchanges viz. BSE and NSE at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com** in due course.

**Place:** New Delhi
**Date:** February 9, 2021

For **HT Media Limited**
**Dinesh Mittal**
**(Group General Counsel & Company Secretary)**